# भीषण आग का तांडव

# जिले में कई एकड़ गेहूं की फसल खाक
# बिजली विभाग की लापरवाही आई सामने

**सतना।** गर्मी का मौसम शुरू होते ही ग्रामीण अंचलों में अगजनी की घटनाओं ने कोहराम मचाना शुरू कर दिया है। शुक्रवार को जिले के नागौद और रैगांव थाना क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले विभिन्न गांवों में भीषण आग लग गई। इस हादसे में करीब एक दर्जन से अधिक किसानों की मेहनत की कमाई (गेहूं की फसल) जलकर राख हो गई,जिससे लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान है।





### चालू होते ही बिजली की लाइनों ने उगली 'चिंगारी'

रैगांव थाना अंतर्गत करसरा गांव में शुक्रवार को उस वक्त हड़कंप मच गया,जब शॉर्ट सर्किट के कारण गेहूं के खेतों में आग भड़क उठी। ग्रामीणों के अनुसार,काफी समय से बिजली की सप्लाई बंद थी,जिसे शुक्रवार को ही बहाल किया गया था। सप्लाई शुरू होते ही खेतों के ऊपर से गुजर रही ढीली तारों के आपस में टकराने से चिंगारी निकली और देखते ही देखते 5 एकड़ में खड़ी फसल जल गई। जिसकी वजह से प्रेमलाल शुक्ला,मनमोहन शर्मा,विद्याधर शुक्ला,रामकलेश शुक्ला,राजू प्यासी,मोनू मिश्रा सहित करीब 12 किसान किसान प्रभावित हुए हैं। ग्रामीणों का अनुमान है कि लगभग 150 से 200 क्विंटल गेहूं जलकर नष्ट हो गया है।मोनू मिश्रा की कटी हुई फसल भी आग की भेंट चढ़ गई। घटना की सूचना मिलते ही रैगांव पुलिस और कोठी तहसीलदार मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

### खखरोंधा में 5 किसानों की फसलें स्वाहा

नागौद थाना क्षेत्र के खखरोंधा गांव में भी आग ने भारी तबाही मचाई। यहाँ राजेश पटेल,योगेश पटेल, रेखराम सोनी,शैलेंद्र कुशवाहा और बसंतलाल पटेल के सटे हुए खेतों में अचानक आग लग गई। तेज हवाओं के कारण आग ने विकराल रूप ले लिया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में नगर परिषद के पास महज एक दमकल होने के कारण आग बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। जिला कांग्रेस महामंत्री मुतार अहमद सिद्दीकी की सूचना पर दमकल को मौके पर रवाना किया गया,लेकिन जब तक आग पर काबू पाया जाता,तब तक किसानों का 7 से 10 लाख रुपये का गेहूं जल चुका था।

### अन्य क्षेत्रों में भी अग्निकांड

इसके अलावा,सतना-पन्ना रोड पर स्थित सितपुरा और सिंहपुर थाना अंतर्गत पैकरी गांव में भी खेतों में आग लगने की खबरें प्राप्त हुई हैं। जिले के कांग्रेस नेताओं और किसान संगठनों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि आगजनी से प्रभावित हुए किसानों का तत्काल सर्वे कराया जाए और उन्हें उचित आर्थिक सहायता (मुआवजा) प्रदान की जाए,ताकि उन्हें इस भारी आर्थिक संकट से उबारा जा सके।

## खबर संक्षेप

### विदिशा मुखर्जी बनीं मैहर की नई कलेक्टर



**मैहर।** मध्यप्रदेश में गुरुवार देर रात बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए मोहन सरकार ने 26 आईएएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। इस फेरबदल में मैहर जिले के कलेक्टर पद पर भी बदलाव किया गया है। मैहर की कलेक्टर रहीं रानी बाटड़ को अब उप सचिव, सहकारिता विभाग मध्यप्रदेश शासन के पद पर पदस्थ किया गया है।वहीं उनकी जगह विदिशा मुखर्जी को मैहर जिले का नया कलेक्टर नियुक्त किया गया है। 2015बैच की आईएएस अधिकारी विदिशा मुखर्जी प्रशासनिक अनुभव के लिए जानी जाती हैं। वे इससे पहले मध्यप्रदेश पर्यटन विकास बोर्ड में अपर प्रबंध संचालक और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में उप सचिव के रूप में अपनी सेवाएं दे चुकी हैं। इसके अलावा उन्होंने ग्वालियर स्मार्ट सिटी के सीईओ और टीकमगढ़ जिला पंचायत की सीईओ जैसे महत्वपूर्ण पदों पर भी कार्य किया है। अब मैहर कलेक्टर के रूप में विदिशा मुखर्जी जिले के प्रशासनिक कार्यों के साथ विकास योजनाओं की जिम्मेदारी संभालेंगी। इस नियुक्ति को जिले के विकास के लिए अहम माना जा रहा है।

### सुगम यातायात के लिए महापौर ने इंजीनियरों के साथ की बैठक



**सतना।** महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने शुक्रवार को नगर निगम कार्यालय में शहर के समग्र विकास को गति देने के उद्देश्य से सभी इंजीनियर्स के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।बैठक में शहर की सड़कों के निर्माण,गुणवत्ता सुधार एवं कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई और कई अहम निर्णय लिए गए। हमारा संकल्प है कि आने वाले दिनों में शहरवासियों को बेहतर, सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा प्रदान की जाए। इसी दिशा में सड़कों के निर्माण एवं सुधार कार्य को तीव्र गति से प्रारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अभियंता एस.के. सिंह,कार्यपालन यंत्री मुकेश चतुर्वेदी सहित सभी जोनों के सहायक यंत्री एवं इंजीनियर उपस्थित रहे। हम शहर के विकास और नागरिकों की सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निरंतर कार्यरत हैं।

# गैस सिलेंडर के लिए चक्काजाम

**समय पर नहीं खुली एजेंसी तो भड़के उपभोक्ता, एसडीएम ने लगाई फटकार**







**मैहर।** जिले के अमरपाटन में सतना रोड स्थित मानसी गैस एजेंसी के सामने शुक्रवार को उस वक्त हड़कंप मच गया,जब गैस सिलेंडर न मिलने से नाराज उपभोक्ताओं ने मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। चक्काजाम के कारण सतना-अमरपाटन मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सूचना मिलते ही एसडीएम डॉ.आरती सिंह दल-बल के साथ मौके पर पहुंचीं और स्थिति को संभाला। जानकारी के अनुसार, अमरपाटन में सतना रोड स्थित मानसी गैस एजेंसी पर सुबह से ही उपभोक्ताओं की भारी भीड़ जमा थी। लोग घंटों कतार में खड़े रहे,लेकिन सुबह 11 बजे तक एजेंसी का ताला नहीं खुला। कड़ी धूप में परेशान हो रहे हितग्राहियों का धैर्य जवाब दे गया और उन्होंने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। उपभोक्ताओं का आरोप था कि एजेंसी संचालक की लापरवाही के कारण उन्हें बार-बार चक्कर काटने पड़ रहे हैं।

### दूसरों के कार्ड लेकर पहुंचे थे लोग

चक्काजाम की खबर मिलते ही एसडीएम डॉ.आरती सिंह,तहसीलदार आर.डी.साकेत और थाना प्रभारी विजय सिंह परस्ते मौके पर पहुंचे। एसडीएम ने जब लाइन में लगे लोगों की रैंडम जांच की,तो गैस की कालाबाजारी का संदेह गहरा गया। जांच में पता चला कि कई लोग अपने पड़ोसियों या अन्य व्यक्तियों के गैस कार्ड (कॉपी) लेकर सिलेंडर लेने पहुंचे थे। एसडीएम ने स्पष्ट किया है की जिस उपभोक्ता के नाम पर गैस कॉपी होगी,उसी के परिवार के सदस्य को ही सिलेंडर दिया जाएगा। इसके साथ ही पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा। वहीं दूसरे परिवार के व्यक्ति को किसी भी स्थिति में सिलेंडर नहीं मिलेगा।

होम डिलीवरी कल से शुरू करने के सख्त निर्देश एसडीएम ने मौके पर ही एजेंसी संचालक को कड़ी फटकार लगाई और तत्काल काउंटर खुलवाकर गैस वितरण शुरू कराया। उन्होंने कहा कि गैस की कोई किल्लत नहीं है,केवल अव्यवस्था के कारण यह स्थिति बनी। एजेंसी संचालक को कल से अनिवार्य रूप से होम डिलीवरी शुरू करने के आदेश दिए गए हैं ताकि एजेंसी पर भीड़ जमा न हो। प्रशासन की समझाइश और सख्त कार्रवाई के आश्वासन के बाद करीब 20 मिनट बाद जाम खोला गया और यातायात बहाल हुआ। अमरपाटन एसडीएम आरती सिंह ने बताया कि एजेंसी सुबह 11 बजे तक नहीं खुली थी,जिससे लोग नाराज थे। मौके पर पहुंचकर जाम खुलवाया गया है। जांच में सामने आया है कि लोग दूसरों के कार्ड लेकर सिलेंडर ले रहे हैं,जिसे अब प्रतिबंधित कर दिया गया है। कल से होम डिलीवरी शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि आमजन को परेशानी न हो।

# ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत टावरों के समीप खनन को लेकर जिला पंचायत सीईओ ने किया आदेश जारी



**सतना।** जिला पंचायत सीईओ ने सतना एवं मैहर के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत टावरों के समीप एवं खनन ठेकेदारों द्वारा खनन कार्य किए जाने को लेकर आदेश जारी किया है।सीईओ शैलेन्द्र सिंह द्वारा जारी आदेश में कहा है कि टावरों के फाउण्डेशन क्षीर्ण हो रहे हैं,जो कि अत्यंत वायु के दबाब तेज वारिश एवं साइक्लोन की स्थिति में धाराशायी हो सकते हैं,जिससे सतना/मैहर शहर एवं निकटवर्ती क्षेत्रों,गावों में विद्युत व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। ऐसी स्थिति में सतना/मैहर शहर एवं अन्य निकटवर्ती क्षेत्रों में बिजली पानी कृषि कार्य एवं उससे जुडे अन्य संसाधनों की कर्मी के कारण नागरिकों को असुविधा का सामना करना पड सकता है साथ ही शासन को विभिन्न प्रकार की राजस्व हानि भी हो सकती है। ग्राम पंचायतों को उनके क्षेत्र में स्थापित विद्युत टावरों के समीप किसी भी प्रकार के वैध/अवैध खनन अथवा निर्माण कार्य संपादित न करने को भी कहा है जिससे विद्युत पारेषण लाइनों के टावर फाउण्डेशन और अधिक क्षीर्ण न व धाराशायी होने से बचाया जा सकता है अप्रिय स्थिति की संभावना को दृष्टिगत रखते हुये संबंधितों के बिरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की भी बता कही गया है।

यहां खनन माफियाओं को नहीं है किसी का डर

उचेहरा विकासखंड अंतर्गत पोड़ी पिथौराबाद क्षेत्र में माफियाओं ने मिट्टी का ऐसा दोहन किया कि वहां से गुजर रही हाईटेंशन विद्युत लाइन को भी नहीं छोड़ा है दुस्साहस की हद यह कि टावर के नीचे पिलर के आसपास अवैध रूप से मिट्टी का जेसीबी मशीन से खनन कर बेच दी जिससे हाईटेंशन पॉवर लाइन के खंभों को खतरा बना हुआ है जो बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है। खुदाई से टावर का जहां बेस कमजोर हो गया है।क्षेत्र में राजस्व की भूमि में लगे कई हाईटेंशन टावरों के आसपास बड़े पैमाने पर मानक से अधिक गहराई तक मिट्टी खनन किया जा रहा है। दिन-रात जेसीबी से अवैध खनन कर डम्पर और ट्रैक्टरों के जरिए लोगों के घर बनाने व सरकारी प्रोजेक्टों में ही मिट्टी खपा रहे हैं। जिसकी कीमत प्रति टैक्टर 600 से 800 रुपए एवं डंपर में 2000 रुपए के हिसाब से मिट्टी बेची जा रही है। क्षेत्र में मुख्य मार्गों के किनारे तो कभी गांवों के तालाबों में दिन रात खुल्लेमाम जिस तरीके से मिट्टी निकाली जाती है।

## 14 अप्रैल तक मनाया जायेगा डॉ.भीमराव अंबेडकर जयंती सप्ताह

**सतना।** डॉ.भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर जिले में 10से 14अप्रैल 2026तक व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह आयोजन जिला मुख्यालय,विकासखण्ड,नगरीय निकायों तथा ग्राम पंचायत स्तर तक किया जाएगा। जिसमें विभिन्न शैक्षणिक,सांस्कृतिक एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होंगे। 14अप्रैल को मुख्य कार्यक्रम जिला मुख्यालय एवं नगरीय निकायों में गरिमामय रूप से आयोजित होगा,जिसमें जनप्रतिनिधियों,गणमान्य नागरिकों एवं आमजन की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर डॉ.भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण,दीप प्रज्वलन तथा उनके जीवन,विचार एवं संविधान निर्माण में योगदान पर प्रकाश डाला जाएगा। कार्यक्रमों के अंतर्गत 11 अप्रैल को चित्रकला प्रतियोगिता,12 अप्रैल को भाषण एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता तथा 13 अप्रैल को रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। 14 अप्रैल को जयंती समारोह के साथ छात्र-छात्राओं के लिए विशेष भोजन की व्यवस्था भी की जाएगी तथा मेधावी एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के अंतर्गत जिला एवं उपखण्ड स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक भी आयोजित की जाएगी। ग्राम पंचायत स्तर पर 14 अप्रैल को विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन सुनिश्चित किया गया है। सभी कार्यक्रम स्थलों पर छाया,पेयजल,स्वच्छता एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर सतना डॉ.सतीश कुमार एस ने कार्यक्रमों के सफल संचालन हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सतना शैलेन्द्र सिंह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। कलेक्टर ने सभी विभागों को निर्देशित किया है कि योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाये।

# असामाजिक तत्वों ने खंडित की बाबा साहब की प्रतिमा



### प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई कर शांत कराया जन आक्रोश



**सतना।** जिले के गोबराव कला गाँव में गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात कुछ अज्ञात असामाजिक तत्वों ने माहौल बिगाड़ने की कोशिश की। शरारती तत्वों द्वारा संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया गया,जिससे स्थानीय ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त हो गया। एसडीएम सुमेश द्विवेदी के अनुसार,यह घटना तड़के करीब 4 से 5 बजे के बीच की है। अज्ञात उपद्रवियों ने प्रतिमा के चेहरे पर कोई तरल पदार्थ (लिक्विड) डाल दिया और प्रतिमा का एक हाथ खंडित कर दिया।सुबह जैसे ही ग्रामीणों को इस कृत्य की जानकारी मिली,बड़ी संख्या में लोग घटना स्थल पर एकत्रित हो गए और अपनी नाराजगी जाहिर करने लगे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी तुरंत मौके पर पहुँचे। अधिकारियों ने आक्रोशित ग्रामीणों से बात की और उन्हें उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। ग्रामीणों की मांग को स्वीकार करते हुए प्रशासन ने तत्काल नई प्रतिमा मँगवाई और उसे पूरे सम्मान के साथ उसी स्थान पर स्थापित करवाया। ग्रामीणों ने इस घृणित कार्य को अंजाम देने वाले दोषियों के खिलाफ सख्त लहजे में रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है,जिस पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। प्रशासन ने क्षेत्र में शांति बनाए रखने की अपील की है और दोषियों की पहचान के लिए साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। फिलहाल गाँव में स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में और शांतिपूर्ण है।

# रिहायशी इलाके में पहुंचा हिरण वन अमले के पहुंचने से पहले भागा



**सतना।** उचेहरा वन परिक्षेत्र से जुड़े होने नगर के वार्ड 13 में इंद्रजीत सिशोदिया पिता स्व.श्यामलाल के गौ शाला में बीती रात्रि अचानक एक हिरण का बच्चा पहुंच गया और जब तक वन अमला सुबह पहुंचने की तैयारी में था भोर होते ही वह बच्चा गौशाला के रास्ते ही निकल गया और अभी तक कही उसका पता नही चला जिस समय यह जानवर घर में आया उस दरमियान घर के पालतू कुत्ते की जोर जोर से आवाज आ रही थी उसी समय से घर के मालिक ने हिरण के बच्चे को अपने ढंग से सुरक्षित रखने का पूरे उपाय कर लिया था और भोर होते ही इस पूरी घटना की जानकारी वन अमले को दी गई लेकिन वन अमला के घर पहुंचने से पहले ही हिरण का बच्चा शायद जिस रास्ते से आया था उसी रास्ते से निकल भागा।

# मैहर एसपी ने टीआई समेत 5 पुलिस अधिकारियों को किया इधर से उधर

**पँचराज बने टीआई देहात, रेनू मिश्रा को भेजा गया पुलिस लाइन**

**मैहर। जिले में पुलिस विभाग में प्रशासनिक कसावट लाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने गुरुवार को महत्वपूर्ण थाना प्रभारी समेत 5 पुलिसकर्मियों का इधर से उधर तबादला किया है।** इस आदेश के तहत नादन देहात थाना सहित कई स्थानों पर पदस्थ पुलिसकर्मियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। जारी आदेश के अनुसार,नादन देहात थाना प्रभारी का दायित्व संभाल रहीं कार्रवाहक निरीक्षक रेनू मिश्रा को पुलिस लाइन भेज दिया गया है। उनकी जगह पुलिस लाइन में पदस्थ कार्रवाहक निरीक्षक पंचराज सिंह को नादन देहात थाने का नया प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा, कार्रवाहक उप निरीक्षक भैयालाल कोल को थाना रामनगर से थाना अमरपाटन स्थानांतरित किया गया है। वहीं कार्रवाहक सहायक उप निरीक्षक शशिकांत पयासी को थाना अमदरा से यातायात थाना भेजा गया है। साथ ही कार्रवाहक सहायक उप निरीक्षक अवधराज सिंह को पुलिस लाइन से थाना अमदरा पदस्थ किया गया है।

## खबर संक्षेप



### संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ पर लटका मिला युवक का शव, कामताना ग्राम में सनसनी

**अमानगंज।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कामताना ग्राम में उस समय सनसनी फैल गई, जब एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ पर लटका हुआ मिला। मृतक की पहचान भोला आदिवासी (22 वर्ष), पिता नंदलाल आदिवासी, निवासी कामताना के रूप में हुई है, जो बीती रात से लापता बताया जा रहा था। जानकारी के अनुसार गांव के पास स्थित पेड़ों की नर्सरी में सागौन के पेड़ से युवक ने फांसी लगा ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए पंचनामा तैयार किया। इसके बाद गुरुवार की दोपहर 2:00 शव को पोस्टमार्टम के लिए अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है और मौत के कारणों का पता लगाया जा रहा।

### शिक्षकों ने चलाया संपर्क अभियान, बच्चों को शाला लाने का दिया संदेश



**पन्ना (पवई)।** शासकीय माध्यमिक शाला नारायणपुरा के शिक्षकों ने गुरुवार को संपर्क अभियान चलाकर ग्राम के घर-घर जाकर अभिभावकों से संपर्क किया। इस दौरान शिक्षकों ने अभिभावकों को शासन की योजनाओं की जानकारी दी और बच्चों को नियमित रूप से शाला भेजने के लिए प्रेरित किया। शिक्षक सतानंद पाठक ने अभिभावकों को बताया कि निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, गणवेश, मध्याह्न भोजन और छात्रवृत्ति जैसी सुविधाएँ शाला में उपलब्ध हैं। प्रधान अध्यापक श्रीमती माया खरे ने कहा कि शिक्षा ही बच्चों का भविष्य उज्ज्वल बना सकती है, इसलिए कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। संपर्क अभियान के दौरान शिक्षकों ने ड्रॉपआउट बच्चों की सूची तैयार की और उनके अभिभावकों को समझाइश देकर शाला में पुनः प्रवेश दिलाने का संकल्प लिया। अभिभावकों ने भी शिक्षकों के इस प्रयास की सराहना की और बच्चों को नियमित भेजने का भरोसा दिलाया।

### सेवा और समर्पण की एक मिसाल - पीड़ित परिवार को मिली 2 लाख की आर्थिक सहायता



**देवेंद्रनगर।** दिनांक 10-04-2026 को देवेन्द्रनगर में मानवता और कर्तव्यनिष्ठा का एक उत्तम उदाहरण देखने को मिला। भारतीय स्टेट बैंक (ठप) शाखा देवेन्द्रनगर के माध्यम से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (च्डश्रश्रठल) के अंतर्गत स्वर्गीय ज्योति कुशवाहा के आकस्मिक निधन के उपरांत, उनके नामांकित पति अरविंद कुशवाहा को 2,00,000 की बीमा राशि का चेक प्रदान किया गया। इस पुनीत कार्य में शाखा प्रबंधक महोदय शशांक त्रिपाठी के विशेष प्रयासों, सही मार्गदर्शन और तत्परता के कारण ही पीड़ित परिवार को यह आर्थिक संबल प्राप्त हो सका।इस पूरी प्रक्रिया को सफल बनाने में कियोस्क संचालक संदीप अग्रवाल की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही।

### कन्या छात्रावास में चित्रकलॉ प्रतियोगता का आयोजन

**शाहनगर।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती (14 अप्रैल) के अवसर पर शाहनगर के छात्रावासों में 8 अप्रैल से 14 अप्रैल तक बाबा साहेब के आदर्शों, शिक्षाओं और संविधान के प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है यह आयोजन सामाजिक समरसता, ज्ञान और शिक्षा के प्रसार को समर्पित करना है। इस अवसर पर शाहनगर मुख्यालय के शासकीय अनु0जाति उत्कष्ट कन्या छात्रावास में आधिक्षिका सुश्री दीपिका उइके ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर दीपप्रज्वलित कर माल्यार्पण पुष्प अर्पित कर ष्बाबा साहेब के विचारों को छात्रावास मे अध्ययनरत छात्राओं के बीच अपनी बात रखी तत्पश्चात चित्रकला प्रतियोगता आयोजित कराई गयी जिसमे प्रथम, द्वितीय एवं तीसरा स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरूस्कृत किया गया।

---

**पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय का भव्य वार्षिक उत्सव शिक्षा का नया मॉडल बन रहा पन्ना, बड़े निवेश और दूरदर्शी योजनाओं से बदलेगी तस्वीर**



# "शिक्षा ही आत्मनिर्भर भारत की नींव" - सांसद विष्णु दत्त शर्मा

### छत्रसाल महाविद्यालय में नए विषय शुरू, करोड़ों का बजट जारी - विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह

**पन्ना।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में आयोजित वार्षिक उत्सव सम्मेलन इस बार सिर्फ एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि पन्ना को शिक्षा के उभरते हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक निर्णायक मंच बनकर सामने आया। कार्यक्रम में खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा और पन्ना विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजेंद्र प्रताप सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने कहा कि "शिक्षा ही वह आधार है, जिस पर आत्मनिर्भर और विकसित भारत का निर्माण संभव है"। उन्होंने जोर देकर कहा कि आज शिक्षा को पारंपरिक सीमाओं से बाहर निकालकर तकनीकी, डिजिटल और कौशल आधारित बनाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि पीएम श्री योजना के तहत विद्यालयों को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को भी उच्च गुणवत्ता की शिक्षा मिल सके। वहीं विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने



कहा कि छत्रसाल महाविद्यालय को पीएम श्री योजना से जोड़ने के बाद उच्च शिक्षा के नए अवसर खुले हैं। अब कई नए विषयों की पढ़ाई शुरू हो चुकी है, जिससे विद्यार्थियों को बाहर नहीं जाना पड़ रहा। उन्होंने बताया कि पन्ना में शिक्षा के विकास के लिए करोड़ों रुपये का निवेश किया जा रहा है, जिसमें भवन, प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय और डिजिटल सुविधाओं का विस्तार शामिल है। उन्होंने यह भी कहा कि कृषि महाविद्यालय सहित अन्य शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना के प्रयास जारी हैं, जिससे शिक्षा के साथ-साथ रोजगार और कौशल विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। दोनों नेताओं ने एक स्वर में कहा कि पन्ना को शिक्षा के क्षेत्र में एक मजबूत पहचान दिलाने के लिए दीर्घकालिक योजनाओं पर कार्य जारी है। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा, पूर्व जिला अध्यक्ष सदानंद गौतम, कमल लालवानी सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और प्रतिभा प्रदर्शन ने कार्यक्रम को जीवंत बना दिया, वहीं शिक्षा को लेकर व्यक्त की गई दूरदर्शी सोच ने इसे एक ऐतिहासिक आयोजन बना दिया।

---

# अमानगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत जुयें के फड़ पर दबिश देकर 9 जुआरियों के विरुद्ध की गई वैधानिक कार्यवाही



**अमानगंज।** पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन पर विगत रात्रि को थाना अमानगंज क्षेत्र अंतर्गत जुआ खेलने एवं जुआ फड़ संचालित करने वाले जुआरियों के विरुद्ध थाना अमानगंज पुलिस द्वारा प्रभावी कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा जिले में जुआ एवं सट्टा जैसी अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के अंतर्गत वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में समस्त थाना प्रभारियों को सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। इसी तारतम्य में थाना प्रभारी अमानगंज उनि. रवि सिंह जादौन को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि तकिया नाला श्मशान घाट के पास कुछ व्यक्ति मोबाइल की टॉर्च के उजाले में ताश के पत्तों से जुआ खेल रहे हैं। थाना प्रभारी द्वारा सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया जिस पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वन्दना सिंह चौहान के मार्गदर्शन मे अमानगंज पुलिस टीम मौके पर रवाना हुई। दबिश के दौरान मौके पर कुछ लोग पैसों का हार-जीत का दांव लगाकर ताश के पत्तों से जुआ खेलते पाए गए, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया। पुलिस द्वारा मौके से 09 आरोपियों को अभिरक्षा मे लिया गया साथ हि मौके से एक बिना नम्बर की सेल्टोस कार, एक स्कूटी ,04 मोटर सायकिल एवं 09 मोबाइल फोन सहित 77580 नगदी एवं 52 पत्तो की ताश की गड्डी जप्त की गई। मामले मे कुल लगभग 14 लाख से अधिक की संपत्ति जब्त की गई। आरोपियों के विरुद्ध थाना अमानगंज मे संबंधित धाराओं के अंतर्गत वैधानिक कार्रवाई की गई है।

**नाम पता आरोपी-**

1. अश्वनी पिता स्व. श्री कृष्ण कुमार भटनागर उम्र 48 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 01 अमानगंज 2. शिवम उर्फ मोन्टी पिता श्री मुन्ना लाला चौरसिया उम्र 31 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 07 अमानगंज 3. दिलीप पिता स्व. श्री हल्के स्वामी उम्र 29 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 03 अमानगंज 4. अंकित पिता स्व. श्री लखन लाल निखरा (गुप्ता) उम्र 30 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 08 अमानगंज 5. कल्लू खान पिता इकबाल खान उम्र 23 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 02 अमानगंज 6. विक्की खटिक पिता श्री जगन खटिक उम्र 38 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 04 अमानगंज 7. शिवम उर्फ शुभम पिता श्री नर्मदा सोनी उम्र 30 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 09 अमानगंज 8. पप्पू सिंह उर्फ टीकम सिंह परमार पिता स्व. श्री चन्द्रभान सिंह परमार उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम गड़ोखर हाल वार्ड क्र. 04 अमानगंज 9. सप्पू उर्फ सफीक खान पिता स्व. नत्थू खान उम्र 48 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 02 रंगरेज मोहल्ला अमानगंज, जिला पन्ना जप्त मशरूका- 77,580/- नगदी, 52 ताश के पत्ते, 09 मोबाइल फोन (कीमती लगभग 91,000/-) , जुआ खेलने में प्रयुक्त हरा नेट , 01 स्कूटी, 04 मोटर साइकिल एवं 01 कार (कुल कीमत लगभग 12,50,000/-) कुल जप्त मशरूका कीमती लगभग 14,19,110/- का जप्त किया गया है।

**सराहनीय योगदान-** उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी अमानगंज उनि रवि सिंह जादौन,सउनि राघवेन्द्र प्रधान, प्र.आर. गणेश सिंह, लक्ष्मण यादव , आर. तुलसी, मुनेन्द्र, मेहरवान, अंगद, अखिल, अरूण का सहायनीय योगदान रहा।

---

# अमानगंज थाना क्षेत्र से अपहृत 2 नाबालिक बालिकाओं की सूचना के महज 4 घण्टे के अन्दर किया दस्तयाब

### नाबालिक बालिकाओं को सोनीपत हरियाणा जाते वक्त बस स्टेण्ड अजयगढ़ से सुरक्षित दस्तयाब कर उनके परिजनों को किया गया सुपुर्द

**अमानगंज।** पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में थाना अमानगंज पुलिस द्वारा अपहृत/लापता नाबालिक बालिकाओं की तलाश हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। महिला एवं बाल अपराधों के प्रति संवेदनशीलता रखते हुए थाना अमानगंज में पंजीबद्ध अपहरण संबंधी प्रकरणों में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की गई। थाना अमानगंज में दर्ज अपराध क्रमांक 185/26 धारा 137(2) ठछै, अपराध क्रमांक 186/26 धारा 137(2) ठछै में पुलिस टीम द्वारा घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए तत्काल नाबालिक बालिकाओं की तलाश पतारसी प्रारंभ की गई। तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण, संभावित ठिकानों पर दबिश एवं मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर लगातार प्रयास किए गए। त्वरित कार्यवाही के फलस्वरूप सीसीटीवी फुटेज, मुखबिर सूचना, अजयगढ़ थाना की पुलिस तथा साइबर सेल पन्ना के सहयोग से पुलिस टीम द्वारा नाबालिक बालिकाओं को सोनीपत हरियाण जाते वक्त बस स्टैंड अजयगढ़ के पास से सूचना के महज 04 घण्टे के अन्दर सकुशल दस्तयाब किया गया। दस्तयाबी उपरांत आवश्यक वैधानिक कार्यवाही पूर्ण कर दोनो बालिकाओं को उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया।



**सराहनीय योगदान-**

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी अमानगंज उनि. रवि सिंह जादौन, सउनि प्रीतम सिंह, महिला प्र.आर कल्पना बागरी आर. गोलू वास्कल, प्र.आर. चालक हेतराम शुक्ला, थाना अजयगढ़ से प्र.आर. जयेन्द्र पाल एवं सायबर सेल टीम पन्ना की विशेष भूमिका रही।

---

# सफाई कमर्चारियों के लिए नगर परिषद देवेंद्रनगर में स्वच्छता स्वाभिमान कार्यशाला का आयोजन



### कार्य के दौरान सावधानियां एवं व्यक्तिगत स्वास्थ्य पर की गई चर्चा

**देवेंद्रनगर।** निकाय स्तर पर नगर परिषद देवेंद्रनगर द्वारा स्वच्छता स्वाभिमान कार्यशाला का आयोजन सामुदायिक भवन में किया गया जिसमें नगर परिषद देवेंद्रनगर के सफाई कमर्चारियों के लिए कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें राज्य स्तर से वरिष्ठ चिकित्सक डॉ प्रोफेसर एस के पटने गांधी मेडिकल कॉलेज भोपाल द्वारा कार्य के दौरान सावधानियां एवं व्यक्तिगत स्वास्थ्य पर आनलाइन माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर के के तिवारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी,शिवांगी ललित गुप्ता अध्यक्ष नगर परिषद,नोडल अधिकारी एस एस बुंदेला स्वच्छता निरीक्षक,एम एस बुंदेला इंजीनियर सहित निकाय के सफाई मित्र ने सम्मिलित होकर प्रशिक्षण प्राप्त किया।

---

# महुआ संग्रह बना खतरा, वन विभाग की बड़ी चेतावनी जारी

### महुआ संग्रह के दौरान सावधानी बरतें, वन विभाग ने जारी की एडवाइजरी

**पन्ना।** मध्यप्रदेश के वन क्षेत्रों में इन दिनों महुआ (लघु वनोपज) संग्रह का मौसम शुरू हो चुका है। बड़ी संख्या में ग्रामीण आजीविका के लिए जंगलों में महुआ एकत्र करने जाते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए वन विभाग ने लोगों की सुरक्षा और मानव-वन्यजीव संघर्ष को रोकने के लिए महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी की है। वन विभाग के अनुसार, महुआ संग्रह के दौरान कई बार वन्यजीवों के साथ आमना-सामना होने की घटनाएं सामने आती हैं, जिससे जनहानि का खतरा बढ़ जाता है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि



थोड़ी सी सावधानी बरतकर ऐसे जोखिमों को काफी हद तक कम किया जा सकता है। जंगल में कभी भी अकेले न जाएं, हमेशा समूह में ही महुआ संग्रह के लिए निकलें। महुआ इकट्ठा करने के लिए जंगल में आग न जलाएं, इससे वन्यजीव भड़क सकते हैं और जंगल में आग लगने का खतरा भी रहता है। अंधेरा होने के बाद जंगल में न जाएं और बच्चों को साथ ले जाने से बचें। इसके अलावा विभाग ने यह भी अपील की है कि लोग शोर-शराबा न करें, सतर्क रहें और किसी भी वन्यजीव की उपस्थिति के संकेत मिलने पर तुरंत सुरक्षित स्थान पर लौट आएं। वन अधिकारियों ने कहा है कि सभी ग्रामीण इन निर्देशों का पालन करें ताकि उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और वन्यजीवों के साथ अनावश्यक टकराव से बचा जा सके। वन विभाग ने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि यदि कहीं वन्यजीवों की गतिविधि अधिक दिखाई दे, तो इसकी सूचना तुरंत नजदीकी वन कार्यालय को दें।

---

# पन्ना पुलिस द्वारा अवैध गौवंश-मवेशियों की तस्करी में शामिल आरोपियों पर लगातार की जा रही प्रभावी कार्यवाही

### बृजपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत अवैध गौवंश परिवहन की घटना मे शामिल फरार 05 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

14 नग मवेशी (भैंस एवं पड़िया) सुरक्षित बरामद कर परिवहन मे प्रयक्तु कंटेनर ट्रक वाहन कीमती करीब 15 लाख रुपये का किया गया जप्त




**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा जिले में अवैध गतिविधियों, गौवंश-मवेशी परिवहन एवं पशु क्रूरता के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर सख्त कार्र्यवाही के निर्देश दिये गये है। उक्त अभियान के तहत बृजपुर पुलिस टीम द्वारा मवेशियों के अवैध परिवहन के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये 05 आरोपियों पर वैधानिक कार्र्यवाही की गई है। दिनांक विगत रात्रि में थाना प्रभारी बृजपुर उनि शक्ति प्रकाश पाण्डेय को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि एक ट्रक में मवेशियों को क्रूरतापूर्वक भरकर अवैध रूप से बांदा (उ.प्र.) तरफ ले जाया जा रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी बृजपुर वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराया गया जिस पर पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिया नायडू के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वंदना चौहान एवं समस्त अनुविभागीय अधिकारी अजयगढ़ राजीव सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में बृजपुर पुलिस टीम द्वारा नवोदय तिराहा ठाकुर बाबा पुलिया के पास सघन चेकिंग लगाई गई। घेराबंदी के दौरान संदिग्ध डीसीएम ट्रक क्रमांक न्च 78 ज्ञछ 6734 को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें 14 नग मवेशी (भैंस एवं पड़िया) को अत्यंत अमानवीय स्थिति में ठूंस-ठूंस कर भरा हुआ पाया गया। पुलिस द्वारा तत्काल सभी मवेशियों को आरोपियों के कब्जे से मुक्त कराया गया। मामले में थाना बृजपुर में अपराध क्रमांक 69/2026 पंजीबद्ध किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम एवं मोटर यान अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही की गई है। मौके पर मवेशियों को सुरक्षित रूप से शहपूरा गौशाला में रखा गया है। कार्यवाही के दौरान डीसीएम वाहन एवं मवेशियों को विधिवत जब्त किया गया, जिनकी कुल अनुमानित कीमत लगभग 20,00,000/- है। पूछताछ में आरोपियों द्वारा मवेशियों को अवैध रूप से बांदा ले जाना स्वीकार किया गया। पुलिस द्वारा सभी आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार किया गया है।

**गिरफ्तार आरोपीगण-**

1. सहजादे पिता नईम खान (32 वर्ष), निवासी बांदा 2. वसीम पिता पप्पू कुरैशी (21 वर्ष), निवासी फतेहपुर 3. रामप्रकाश पिता मइयादीन राजपूत (30 वर्ष), निवासी बांदा 4. मुईम पिता मुवीन कुरैशी (42 वर्ष), निवासी बांदा

**5. मुनिश खान (वाहन मालिक), निवासी बांदा सराहनीय योगदान**

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बृजपुर उप निरीक्षक शक्ति प्रकाश पाण्डेय, प्र. आर. प्रदीप हरदेनिया, राजेश, कमलेश व्यास, ब्रजेश, आर. दिलीप शर्मा, अमर सिंह, दीपक सोनकिया, संजय बघेल का सराहनीय योगदान रहा।

# पति पत्नी के विवाद के चलते पति ने खाया जहर, हुई मौत पत्नी को लेकर बयान दर्ज कराने पहुंचा था थाना

## थाना प्रभारी निलंबित, मामले की कराई जाएगी ज्यूडिशियल जांच: एसपी



**छतरपुर।** जिले के चंदला थाना अंतर्गत एक पति पत्नी का विवाद चल रहा था। पत्नी काफी समय से नहीं आ रही थी और जैसे ही वह ससुराल आई तो पति पत्नी को लेकर थाने बयान दर्ज कराने पहुंचा तो पुलिस पति पत्नी को एक कमरे मे बैठाकर समझौता कराना चाह रही थी। लेकिन इसी दौरान पति रामविशाल अहिरवार को उल्टी होने लगी जिससे पुलिस चंदला के अस्पताल लेकर पहुंची तो डॉक्टरो ने प्रथम दृष्टया जांच कर बताया कि जहर खाने से उल्टी हो रही है और तत्काल जिला अस्पताल रेफर किया गया लेकिन जिला अस्पताल लाते समय रास्ते मे रामविशाल अहिरवार ने दम तोड़ दिया। अब यह जांच का विषय है कि मृतक रामविशाल अहिरवार ने जहर पहले खाया या फिर थाने के अंदर खाया कुछ भी स्पष्ट नहीं है, लेकिन पति की मौत होने के बाद पुलिस प्रशासन में खलबली मच गई है।

चंदला थाने का एक और मामला सामने आया है जहां परिवारिक विवाद के चलते पति रामविशाल अहिरवार पत्नी को लेकर थाने पहुंचा था लेकिन वहां किसी बात को लेकर रामविशाल अहिरवार ने जहर खा लिया। जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई और उसे गंभीर हालत मे जिला अस्पताल भेजा गया। लेकिन जिला अस्पताल लाते समय रास्ते मे उसकी मौत हो गई जानकारी के अनुसार मृतक रामविशाल अहिरवार का पत्नी से विवाद चल रहा था और वह लम्बे समय से मायके से नही आ रही थी लेकिन जब रामविशाल की पत्नी मायके से आई तो वह पत्नी को लेकर बयान दर्ज कराने के लिए थाने पहुंचा क्योंकि मृतक रामविशाल अहिरवार ने पत्नी के ना आने की रिपोर्ट चदंला थाने मे दर्ज करा रखी थी। इसलिए पत्नी के बयान होना थे शुक्रवार को वह बयान दर्ज कराने के लिए पत्नी को थाने लेकर पहुंचा था लेकिन दोनो के बीच थाने मे क्या बात हुई और इसके बाद ही उसने जहर खा लिया। रामविशाल अहिरवार की जहर खाने से रास्ते मे मौत होने पर एक बार फिर से पुलिस महकमे मे खलबली मच गई है रामविशाल अहिरवार द्वारा जहर खाने के मामले से सिद्व हो रहा है कि वह पहले से ही जहरीला पदार्थ लेकर थाने पत्नी के साथ गया था और इसमे उसकी सोची समझी चाल समझ मे आ रही है। जैसे ही रामविशाल अहिरवार को मृत अवस्था में लेकर परिजन जिला अस्पताल पहुंचे बैसे ही कोतवाली टीआई सतीश सिंह को जानकारी मिलते ही जिला अस्पताल पहुंचे। अब मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया जाएंगा तथा पुलिस मामले की जांच पड़ताल करेगी कि मृतक रामविशाल अहिरवार ने जहर थाने के बाहर खाया या अंदर समझौते की बातचीत के दौरान पुलिस जांच से सभी तथ्य सामने आएंगे।

एसपी अगम जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि चंदला थाना अंतर्गत युवक के द्वारा जहर खाया गया। उक्त मामला गंभीर है जिसके लिए ज्यूडिशियल जांच के लिए निवेदन किया है साथ ही थाना प्रभारी संदीप दीक्षित की लापरवाही सामने आने पर उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

# ढोडन बांध के आंदोलनकारी महिलओं में फैली अज्ञात बीमारी, मौके पर नहीं पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम



**छतरपुर।** केन बेतवा लिंक परियोजना के तहत ढोडन बांध का निर्माण कार्य चल रहा है और इसके लिए किसानों की जमीन अधिगृहीत की गई है। लेकिन मुआवजा राशि देने मे धाधली किए जाने के आरोप लगाकर आप पार्टी के अमित भटनागर के नेतृत्व मे हजारों आदिवासी परिवारो द्वारा आंदोलन किया जा रहा है। और काम रोक दिया गया है। आंदोलन के 6 वें दिन शुक्रवार को भी काम बंद रहा, लेकिन धूप मे बैठी आंदोलनकारी महिलाओं मे एक अज्ञात बीमारी देखने को मिल रही है। एक महिला के पूरे शरीर मे लाल रंग के चत्ता के साथ खुजली और एक महिला को तेज बुखार तथा तीन महिलाओं को उल्टी दस्त की बीमारी फैली है। लेकिन पीड़ित महिलाए घर जाने को तैयार नहीं उनका साफ कहना है कि सरकार से ढोडन बांध के विस्थापितों के सामान मुआवजा राशि लेकर जाएंगे। अज्ञात बीमारी से पीड़ित इन महिलाओं के उपचार के लिए स्वास्थ्य विभाग की कोई टीम भी नहीं पहुंची है। पन्ना जिले के मझगाए बांध विश्राम गंज बांध के विस्थापितों को 2 साल पहले मुआवजा के रूप मे 5 लाख रूपए का पैकेज दिया गया था। लेकिन अब इन विस्थापितों की मांग है कि ढोडन बांध के विस्थापितों की तरह मुआवजा राशि का पैकेज दिया जाए। अमित भटनागर के नेतृत्व मे हजारों की संख्या मे आदोंलनकारी कमिश्नर को बुलाने की जिद पर अड़े हुए है उधर ढोडन बांध पर प्रदर्शनकारी ना पहुंच जाए इसलिए प्रशासन ने पन्ना टाईगर रिजर्व के भूसोर नाका में सुरक्षा व्यवस्था चौकशी बड़ा दी है।

# थाने में नहीं सुनी गई फरियाद पीड़ित ने एसपी से लगाई गुहार

### मारपीट मामले में गंभीर धाराएं न लगाने का आरोप, पीड़िता ने मांगी सुरक्षा



**छतरपुर।** शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक महिला ने अपने पति के साथ हुई मारपीट की घटना में पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता ने बताया कि उसने थाना ओरछा रोड में रिपोर्ट लिखाई थी, लेकिन पुलिस ने उसके बयान के अनुसार मामला दर्ज नहीं किया और केवल साधारण धाराओं में प्रकरण कायम कर लिया। पीड़िता के अनुसार, उसके पति अन्नाराम तिवारी के साथ गांव के ही कुछ लोगों ने उनके घर में घुसकर लाठी-डंडों से निर्मम मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। घटना में अन्नाराम तिवारी को हाथ, कलाई और शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। पीड़िता ने आरोप लगाया कि अब तक पुलिस ने न तो उनके पति का मेडिकल परीक्षण कराया और न ही आरोपियों पर गंभीर धाराएं लगाईं। पीड़िता ने यह भी बताया कि आरोपी पक्ष दबंग प्रवृत्ति के हैं और लगातार राजीनामा करने का दबाव बना रहे हैं। साथ ही परिवार को दोबारा नुकसान पहुंचाने की धमकी भी दी जा रही है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से निष्पक्ष जांच कराते हुए आरोपियों के खिलाफ कड़ी धाराओं में मामला दर्ज करने और पूरे परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। उधर पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है, लेकिन पीड़िता परिवार अभी भी गंभीर धाराओं और उचित कार्रवाई की प्रतीक्षा कर रहा है।

# पति की दूसरी शादी रोकने पत्नी पहुँची एसपी कार्यालय

### तीन बच्चों की माँ ने लगाया मानसिक प्रताडऩा और मारपीट का आरोप



**छतरपुर। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में तीन बच्चों की माँ ने अपने पति की दूसरी शादी रोकने और पिछले तीन वर्षों से मानसिक व शारीरिक प्रताडऩा का आरोप लगाते हुए लिखित शिकायत दी। महिला अपने दो छोटी बेटियों और पिता के साथ एसपी कार्यालय पहुँची।**

पीड़िता ने बताया कि वह गौरिहार थाना क्षेत्र के ग्राम खट्टी की रहने वाली है। उसके पति गिरजा प्रसाद पाल और ससुर द्वारा लगातार मारपीट की जाती थी। कई बार उसे घर से निकाल दिया गया, जिसके बाद वह अपने मायके में रह रही है। महिला ने आरोप लगाया कि अब उसके पति ने 25 अप्रैल 2026 को दूसरी शादी करने की तैयारी कर ली है। जब उसने इसका विरोध किया तो और अधिक प्रताडऩा बढ़ गई। शिकायत में पीड़िता ने एसपी से मांग की कि प्रस्तावित दूसरी शादी को तत्काल रोका जाए और आरोपी पति व ससुर के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। महिला ने यह भी बताया कि उसके तीन छोटे बच्चे हैं, जिनकी देखभाल वह बेहद मुश्किल हालात में कर रही है। फिलहाल पुलिस अधीक्षक कार्यालय ने महिला का आवेदन लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। गौरिहार थाना पुलिस को शिकायत की प्रति भेजकर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।



# बस स्टैंड पर बैग से लाखों के जेवरात व नगदी चोरी, पीड़ित ने लगाई गुहार

**छतरपुर।** शहर के बस स्टैंड क्षेत्र में चोरी की एक वारदात सामने आई है। ग्राम देवगांव निवासी भूपेन्द्र शर्मा (तनय हरिशंकर) ने थाना कोतवाली में आवेदन देकर बताया कि 5 अप्रैल 2026 को वह अपनी बहू रश्मि शर्मा (पुत्री करन शर्मा, ग्राम बगवाहा) को लेकर छतरपुर आया था। इसी दौरान उन्होंने अपना बैग बस स्टैंड पर खड़ी महोबा जाने वाली बस क्रमांक एमपी 16 जेडएफ 6111 पर रख दिया। पीड़ित के अनुसार, कुछ ही देर बाद बैग से कीमती सामान चोरी हो गया। चोरी गए सामान में सोने की बेंदी, 4 चूड़ियां, 1 हार, 1 बैसर, 1 जोड़ी झुमकी, 1 जोड़ी चांदी की पायल, सोने की अंगूठी, 15 हजार रुपए नगद, करधोनी (बेनटेक्स) और 2 बेनटेक्स की अंगूठियां शामिल हैं। भूपेन्द्र शर्मा ने थाना कोतवाली में शिकायत दर्ज कराते हुए चोरी गए सामान की बरामदगी की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# साढ़े तीन साल बाद मां-बेटी का दिल छू लेने वाला मिलन

## डिप्रेशन के कारण घर छोड़कर भटकी सविता वापस लौटी परिवार के पास

**छतरपुर। निर्वाणा फाउण्डेशन में साढ़े तीन साल बाद एक भावुक पुनर्मिलन देखने को मिला। बिहार की रहने वाली सविता सिन्हा, जो डिप्रेशन और तनाव के कारण घर छोड़कर भटक गई थीं, शुक्रवार को अपनी मां और भाई से मिलकर भावुक हो गईं। मां से लिपटकर उन्होंने खुशी के आंसू बहाए।**



संजय सिंह, निर्वाणा फाउण्डेशन ने बताया कि लगभग साढ़े तीन साल पहले सविता सिन्हा सीतामणी, बिहार की रहने वाली हैं। डिप्रेशन के कारण वे घर से निकल आईं और दमोह स्टेशन पहुंच गईं। वहां पुलिस ने उन्हें रेस्क्यू किया और निर्वाणा फाउण्डेशन भेज दिया। शुरू के एक साल उन्होंने काफी तंग किया, लेकिन धीरे-धीरे फाउंडेशन की सेवा, देखभाल और दवाइयों से उनकी हालत में सुधार आने लगा। लगभग तीन साल बाद जब उनकी स्थिति काफी बेहतर हुई तब उन्होंने अपने परिवार के बारे में जानकारी दी। उन्होंने अपनी मां का मोबाइल नंबर बताया, जिस पर संपर्क किया गया। इसके बाद दिल्ली में रहने वाले उनके भाई संतोष कुमार अपनी मां निर्मला देवी को साथ लेकर शुक्रवार को छतरपुर के निर्वाणा फाउण्डेशन पहुंचे। साढ़े तीन साल बाद मां और भाई को देखते ही सविता भावुक हो गईं। उन्होंने मां से लिपटकर खुशी के आंसू बहाए। सविता की मां निर्मला देवी ने कहा, मेरी बच्ची मिल गई, मैं आज बहुत खुश हूं। सभी को बहुत-बहुत धन्यवाद। भाई संतोष कुमार ने बताया कि यहां के लोगों ने उनकी बहन का बहुत अच्छा ख्याल रखा। उन्होंने फाउंडेशन के सभी सदस्यों का आभार जताया।

# देवर-ससुर पर छेड़छाड़ और शोषण के आरोप कार्रवाई न होने पर विधवा महिला ने एसपी से लगाई गुहार



**छतरपुर।** एक विधवा महिला ने अपने देवर और ससुर सहित पूरे ससुराल पक्ष पर गंभीर छेड़छाड़, शारीरिक शोषण और मारपीट के आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शुक्रवार को शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और खुद व अपने बच्चों की सुरक्षा की मांग की है। महिला ने बताया कि उसके पति की वर्ष 2019 में मृत्यु हो चुकी है। वह अपने तीन छोटे बच्चों के साथ अकेले रह रही है। उसके अनुसार, देवर और अन्य ससुरालजन लंबे समय से उसके साथ छेड़छाड़, शारीरिक शोषण, मारपीट और गाली-गलौज कर रहे हैं। जब वह विरोध करती है तो उसे और उसके बच्चों को जान से मारने की धमकियां दी जाती हैं। इसके अलावा पति की कपड़े की दुकान और प्लॉट पर भी ससुराल पक्ष ने जबरन कब्जा कर लिया है। पीड़िता ने बताया कि उसने थाना महाराजपुर में कई बार शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। 181 हेल्पलाइन पर शिकायत करने के बावजूद भी उसे न्याय नहीं मिला। परेशान होकर अंत में वह सीधे पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची और एसपी से अपनी और बच्चों की जान बचाने तथा आरोपियों के खिलाफ तुरंत सख्त कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई। महिला ने एसपी से आग्रह किया कि उसे और उसके बच्चों को उचित सुरक्षा प्रदान की जाए तथा ससुराल पक्ष के लोगों पर तत्काल मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाए। इस मामले में अब पुलिस अधीक्षक के स्तर पर आगे की कार्यवाही होने की उम्मीद है।

# श्री कृष्णा विश्वविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार के प्रथम दिवस का आयोजन



**छतरपुर।** श्री कृष्णा विश्वविद्यालय के विधि विभाग द्वारा कराए जा रहे राष्ट्रीय सेमिनार (ऑनलाइन एवं ऑफलाइन) के प्रथम दिवस का आयोजन सम्पन्न किया गया। यह सेमिनार भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के सहयोग से किया जा रहा है। सेमिनार का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा वीणावादिनी माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण उपरान्त दीप प्रज्जवलन कर किया गया। इस दौरान अतिथियों में प्रो. डॉ. देवेंद्र कुमार धूसिया (विभागाध्यक्ष) वाणिज्य व्यापार अध्ययन विभाग जामिया मिल्लिया इस्लामिया केन्द्रीय विश्वविद्यालय जामिया नगर नई दिल्ली, प्रो डॉ. भरत पाठक (उपाध्यक्ष) महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण शिक्षा परिषद (शिक्षा मंत्रालय) भारत सरकार, प्रो. राजेश शुक्ला (विभागाध्यक्ष, पत्रकारिता विभाग) आईएफटीएम विश्वविद्यालय मुरादाबाद उ.प्र., प्रो. डी. के. वर्मा (निदेशक शोध) ज्योति विद्यापीठ महिला विश्वविद्यालय जयपुर राजस्थान, प्रो. डॉ. दुर्गेश त्रिपाठी (संकायाध्यक्ष, पत्रकारिता विभाग) गुरूगोविन्द इन्द्रप्रस्थ विश्वविद्यालय द्वारका नई दिल्ली, प्रो. डॉ. मनोज सिन्हा (कुलगुरू) धर्मशास्त्र राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय जबलपुर, डॉ. प्रतिभा (सहायक प्राध्यापक) मेवाढ विश्वविद्यालय चित्तौडगढ़ राजस्थान के साथ श्री कृष्णा विश्वविद्यालय के कुलगुरू डॉ. अमित कुमार जैन, कुलसचिव डॉ. दिगंत द्विवेदी, डॉ. दिनेश बाबू गौतम, डॉ. विवेक प्रताप सिंह, डॉ. आलोक कुमार पाण्डेय, डॉ. आलोक अग्रवाल, डॉ. शिवेन्द्र सिंह की उपस्थिति गरीमामयी रही। भारतीय परम्परा के अनुसार उपस्थित अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। अतिथियों द्वारा सेमिनार के विषय पर प्राप्त शोध पत्र सारांश की पुस्तक का विमोचन किया गया। सेमिनार का मुख्य विषय 'भारत की शैक्षिक विरासत की पुनर्कल्पनाः 2047 तक विश्वगुरु भारत को वैश्विक अनुसंधान एवं विकास केंद्र में परिवर्तित करना" रहा। सर्वप्रथम सेमिनार के संयोजक डॉ. दिनेश बाबू गौतम ने स्वागत भाषण देते हुए अतिथियों का तहेदिल से स्वागत कर सेमिनार के बारे में बताया। तत्पश्चात अतिथियों ने अपने उद्धबोधन से सभा को संबोधित किया। सेमिनार का मंच संचालन डॉ. माधव पाठक एवं सुश्री मेघांजलि तिवारी द्वारा किया गया।

प्रो. डॉ. देवेंद्र कुमार धूसिया ने अपने वक्तव्य में नैतिक शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि व्यक्ति का चरित्र निर्माण सबसे महत्वपूर्ण है, यदि समाज में नैतिकता होगी तभी विकास सम्भव होगा। तकनीकि प्रगति के साथ-साथ नैतिक मूल्यो का विकास अत्यंत आवश्यक है। विधि क्षेत्र में इन मूल्यो का महत्व और अधिक बढ़ जाता है।

प्रो डॉ. भरत पाठक ने अपने उद्धबोधन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संबंध में बताया कि भारत में शिक्षा को अधिक व्यावहारिक समावेशी और मूल्य आधारित बनाने का प्रयास किया जा रहा है, उन्होनें कहा कि शिक्षा का उद्धेश्य केवल रोजगार नही बल्कि व्यक्तित्व का समग्र विकास होना चाहिए।

प्रो. राजेश शुक्ला ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा का उद्धेश्य केवल जानकारी देना नही बल्कि व्यक्तित्व का समग्र विकास करना है। उन्होंने विशेष रूप से नैतिक शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि यदि विद्यार्थियों में अच्छे संस्कार और नैतिक मूल्य विकसित नही होगे तो समाज का संतुलित विकास संभव नही है।

प्रो. डी. के. वर्मा ने कहा कि युवाओं को अपनी ऊर्जा सही दिशा में लगानी होगी, तभी समाज आगे बढेगा। सभी व्यक्ति अपने कर्तव्यों और नैतिक जिम्मेदारियों को समझे। विद्यार्थियों को सही मार्गदर्शन दिया जाए, तभी हम आने वाले समय में पुनः विश्वगुरू के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर सकते है।

प्रो. डॉ. दुर्गेश त्रिपाठी ने हिन्दी भाषा और मातृभाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि किसी भी देश की पहचान उसकी भाषा से होती है, उन्होंने पश्चिमी प्रभाव से बचते हुए भारतीय मूल्यों को अपनाने की आवश्यकता बतलायी, साथ ही उन्होंने क्वालिटी एजुकेशन और डिजिटल माध्यमों विशेषकर कृत्रिम बुद्धिमत्ता की भूमिका पर चर्चा की। उन्होंने बतलाया कि तकनीक के सही उपयोग से शिक्षा को अधिक सुलभ और प्रभावी बनाया जा सकता है।

प्रो. डॉ. मनोज सिन्हा ने विद्यार्थियो में आलोचनात्मक सोच और अवलोकन कौशल विकसित करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि यही क्षमताएं बेहतर रिसर्च और नवाचार की आधारशिला है।

डॉ. अमित कुमार जैन ने कहा कि भारत को विश्वगुरू बनाने के लिए केवल सैद्धांतिक ज्ञान नही बल्कि वास्तविक नवाचार और स्टार्टअप कल्चर को बढावा देना आवश्यक है जिससे भारत वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सके।

सेमिनार में देशभर के शिक्षाविद्, शोधार्थी, विद्यार्थीगण एंव अन्य समाज सेवी प्रशासनिक अधिकारी आदि ने सम्मिलित होकर अपने विचार एवं शोध प्रस्तुत किए। सेमिनार के प्रथम दिवस के सफल आयोजन पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. बृजेन्द्र सिंह गौतम एवं चेयरमैन डॉ. पुष्पेन्द्र सिंह गौतम ने आयोजन समिति को शुभकामनाएं दीं।

# एनटीपीसी विंध्याचल में मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) एवं क्षेत्रीय मानव संसाधन प्रमुख (एनआर एवं एसआर) एनटीपीसी लिमिटेड एस. एन. पाणिग्रही का प्रेरणादायी दौरा




**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल में एनटीपीसी लिमिटेड के मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) एवं क्षेत्रीय मानव संसाधन प्रमुख(एनआर एवं एसआर) श्री एस. एन. पाणिग्रही का एक ऊर्जावान एवं उद्देश्यपूर्ण दौरा संपन्न हुआ। उनके आगमन पर सूर्य भवन गेस्ट हाउस में गर्मजोशी से स्वागत किया गया, जिसने जन-केंद्रित पहलों को सशक्त बनाने और संगठनात्मक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने वाली विभिन्न गतिविधियों की शुरुआत की।

अपने दौरे के दौरान, श्री पाणिग्रही ने श्री संदीप नाइक, कार्यकारी निदेशक (सिंगरौली) एवं श्री संजीब कुमार साहा, परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) की गरिमामयी उपस्थिति में डॉ. भीमराव आंबेडकर स्टेडियम में एनआर आईआरएसएम 2025-26 क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। इसके साथ ही उन्होंने पौधरोपण कार्यक्रम में भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण एवं कर्मचारी सहभागिता के प्रति एनटीपीसी की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ किया।

उन्होंने डीपीएस विद्यालय का दौरा कर विद्यार्थियों एवं जीईएम बालिकाओं से संवाद किया तथा अपने प्रेरणादायी शब्दों से उन्हें प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर जीईएम बालिकाओं को 51 सोलर लैम्प भी वितरित किए गए। इसके पश्चात उन्होंने एचआर टीम के साथ सार्थक संवाद कर क्षमता विकास एवं मानव संसाधन प्रबंधन की प्रक्रियाओं को और बेहतर बनाने पर बल दिया।

श्री पाणिग्रही ने कार्बन टू मेथनॉल प्लांट एवं स्टेज-III कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर वहां कार्यरत इंजीनियरों से बातचीत की और उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने प्रमुख परिचालन क्षेत्रों का व्यापक अवलोकन करते हुए कार्यप्रणाली की समीक्षा भी की।

इसके अतिरिक्त उन्होंने आरएलआई (रीजनल लर्निंग इंस्टीट्यूट) का दौरा किया, जहां अत्याधुनिक सिम्युलेटर सुविधा एवं एआर–वीआर मॉड्यूल कक्ष का अवलोकन कर उन्नत प्रशिक्षण तकनीकों की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने आरएलआई टीम एवं एफजेटी प्रतिभागियों से संवाद कर उनके सतत सीखने एवं क्षमता निर्माण के प्रति समर्पण की प्रशंसा की। साथ ही प्रशिक्षण गतिविधियों एवं अवसंरचना की व्यापक समीक्षा भी की। दौरे के क्रम में उन्होंने विभिन्न यूनियनों एवं एसोसिएशनों के साथ रचनात्मक बैठकें कर खुले संवाद को बढ़ावा दिया तथा आपसी विश्वास एवं औद्योगिक सौहार्द को मजबूत करने पर जोर दिया। एसएमसी बैठक में उनकी उपस्थिति ने सहभागी प्रबंधन के प्रति एनटीपीसी की प्रतिबद्धता को दर्शाया।

शाम के समय श्री पाणिग्रही ने विंध्य अस्पताल का दौरा कर चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों से मुलाकात की तथा ब्लड बैंक एवं सीटी स्कैन यूनिट जैसी महत्वपूर्ण सुविधाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों के कल्याण एवं सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति एनटीपीसी के सुदृढ़ प्रयासों को पुनः रेखांकित किया। यह दौरा एनटीपीसी विंध्याचल में मानव संसाधन विकास, कर्मचारी सहभागिता एवं समग्र संगठनात्मक उत्कृष्टता को नई दिशा प्रदान करने वाला साबित हुआ।

# बुजुर्ग पर घर के बाहर सोते समय बेरहमी से हमला, सोने का गजरा लूट लिया



**छतरपुर।** मातगुवां थाना क्षेत्र के गांव छिरावल में 90 वर्षीय बुजुर्ग भरत सिंह चंदेल पर शुक्रवार सुबह करीब तीन बजे घर के बाहर सोते समय चार अज्ञात युवकों ने बेरहमी से हमला कर दिया। आरोपीयों ने बुजुर्ग का मुंह दबाकर चुप कराया और बेलेड से उनके हाथ पर वार कर दिया। इसके बाद उन्होंने बुजुर्ग के गले में पहने सोने के गजरे को लूट लिया और मौके से फरार हो गए। पीड़ित बुजुर्ग के बेटे दिनेश सिंह ने बताया कि उनके पिता महाराज सिंह चंदेल रात में घर के बाहर सो रहे थे। हमले के बाद बुजुर्ग घायल अवस्था में रहे और सुबह करीब 5:30 बजे उन्हें पूरी घटना की जानकारी अपने बेटे को दी। घटना की सूचना मिलते ही दिनेश सिंह ने डायल 112 पर फोन कर मदद मांगी। डायल 112 की टीम ने बुजुर्ग को तुरंत मातगुवां थाने पहुंचाया, जहां उन्होंने अपनी लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर मातगुवां पुलिस ने बुजुर्ग का मेडिकल परीक्षण छतरपुर जिला अस्पताल में करवाया। डॉक्टरों ने उनके हाथ में गंभीर चोट बताई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और चारों आरोपियों की पहचान व गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए हैं।

# क्षीरधारा ग्राम योजना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है :-कलेक्टर

## दुग्ध उत्पादन को दोगुना करने के लिए हितग्राहियों का चयन कर एक संप्ताह में करे पंजीयनः गौरव बैनल



**सिंगरौली 10 अप्रैल 2026/क्षीरधारा ग्राम योजना राज्य सरकार की प्राथमिकता मे से एक है जिले में दुग्ध उत्पादन को दोगुना करने के उद्देश्य से प्रारंभ किया गया है। योजना के लाभ के लिए हितग्राहियो का चयन कर एक संप्ताह के अंदर पंजीयन कराना सुनिश्चित करे उक्त आशय का निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान कलेक्टर श्री गौरव बैनल के द्वारा उप संचालक पशु पालन एवं डेयरी विभाग तथा उपस्थित अधिकारियों को दिया गया।**

कलेक्टर ने क्षीरधारा ग्राम योजना की पहल करते हुये निर्देश दिए कि इस योजना के प्रभारी क्रियान्वन के लिए पशुपालन विभाग के साथ साथ उपसंचाक किसान कल्याण वन मण्डल के अधिकारी भी संक्रिय योगदान सुनिश्चित करे। उन्होने कहा कि उपरोक्त अधिकारी आपसी समन्वय बनाकर क्षीरधारा ग्रामो का चयन निर्धारित मापदण्ड के आधार पर करे जिसके तहत मादा गौवंश एवं भैस वंश का उच्च नस्ल के सिमेन से गर्भाधारण करायें। पशुओ का शत प्रतिशत टीकारण, बधिया करण, टैगिंग ग्राम में हरे चारे की उपलब्धता गोबर तथा गौमूत्र का समुचित नियोजन किया जाना है। योजना के अधिक प्रचार प्रसार के लिए चयनित ग्रामो में चौपाल लगाकर पशुपालको को योजना के लाभ से अवगत करायें।

कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए कि उपसंचालक पशुपालन एवं संबंधित विभाग के डाक्टर अपने मैदानी अमले में तैनात कर्मचारियो की लगातार मानीटरिंग करे तथा एक संप्ताह के अंदर हितग्राहियो का चयन कर उनका पंजीयन करे ताकि चयनित हितग्राहियों को समय सीमा के अंदर लाभान्वित कराया जा सके। आगामी बैठक मे निर्धारित मापदण्डो को शत प्रतिशत पूर्ण कर पालन प्रतिवेदन दिया जाना सुनिश्चित करे। इस योजना के क्रियान्वन तथा निर्धारित लक्ष्य के प्राप्ति में यदि लापरवाही मिली तो संबंधितो के विरूद्ध कार्रवाही की जायेगी। वही जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री जगदीश गोमे के द्वारा निर्देश दिए गए आकांक्षी ब्लाक में शत प्रतिशत पशुओ का टीकाकरण सुनिश्चित करे। बैठक के दौरान डॉ. जीतेन्द्र कुमार, उपंचालक कृषि अजीत सिंह, डॉ. अनामिका विश्वकर्मा सहित संतोष कुमार, प्रकाश तिवारी, अंगरमती सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# अमहिया मार्ग चौड़ीकरण पर बवालः अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम लौटी

## व्यापारियों का जोरदार विरोध 165 दुकानों पर कार्रवाई की तैयारी

### मौके पर पहुंचे कांग्रेस विधायक अभय मिश्रा, महापौर की चुप्पी और डिप्टी सीएम पर उठाए सवाल







रीवा। शहर के सबसे व्यस्त मार्गों में शामिल अमहिया से सिरमौर चौराहे तक प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण को लेकर शुक्रवार को बड़ा विवाद खड़ा हो गया। अतिक्रमण हटाने पहुंची नगर निगम की टीम को स्थानीय व्यापारियों और रहवासियों के तीखे विरोध के चलते बिना कार्रवाई किए लौटना पड़ा। इस दौरान मामला राजनीतिक रंग भी ले गया, जब सेमरिया से कांग्रेस विधायक अभय मिश्रा मौके पर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों के समर्थन में खड़े हो गए और अपनी ही पार्टी के महापौर के साथ प्रदेश के उप मुख्यमंत्री पर भी जमकर निशाना साधा। जानकारी के अनुसार अमहिया मार्ग के करीब 2 किलोमीटर हिस्से को 18 मीटर तक चौड़ा करने की योजना है। इस चौड़ीकरण की जद में करीब 165 दुकानें और कई मकान आ रहे हैं। प्रशासन ने पहले ही प्रभावित लोगों को नोटिस जारी कर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे। कुछ लोगों ने स्वेच्छा से निर्माण हटा लिया, लेकिन बड़ी संख्या में लोग कार्रवाई के विरोध में उतर आए।बता दे शुक्रवार को नगर निगम का अमला पुलिस बल और बुलडोजर के साथ अमहिया मार्ग पहुंचा। शुरुआती कार्रवाई होते ही स्थानीय लोग भड़क उठे और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। देखते ही देखते बड़ी संख्या में व्यापारी और रहवासी मौके पर एकत्र हो गए। विरोध बढ़ता देख नगर निगम की टीम को कार्रवाई रोकनी पड़ी और वापस लौटना पड़ा। वही दुकानदारों ने दावा किया कि वे अतिक्रमणकारी नहीं बल्कि पट्टाधारी हैं और कई दशकों से यहां रह रहे हैं। उनका कहना है कि यदि वे अवैध होते तो उनसे वर्षों तक संपत्ति कर क्यों वसूला जाता। उन्होंने कार्रवाई को नियम विरुद्ध बताते हुए कहा कि वैधानिक प्रक्रिया के तहत नोटिस और सुनवाई के बाद ही बेदखली की जानी चाहिए।विस्थापन के बिना कार्रवाई अन्याय प्रभावित व्यापारियों और रहवासियों का कहना है कि प्रशासन ने बिना वैकल्पिक व्यवस्था किए उन्हें हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी है। उनका आरोप है कि पहले पुनर्वास का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब सीधे बुलडोजर चलाया जा रहा है। लोगों ने कहा कि इससे उनके सामने रोजी-रोटी और आशियाने का संकट खड़ा हो जाएगा। कई परिवारों ने बताया कि वे वर्षों से यहां व्यवसाय और निवास कर रहे हैं।कांग्रेस विधायक ने खोला मोर्चा, अपनी ही नगर सरकार-प्रणाली पर उठाए सवालविरोध के बीच मौके पर पहुंचे कांग्रेस विधायक अभय मिश्रा ने प्रशासनिक कार्रवाई का विरोध करते हुए कहा कि गरीबों के साथ अन्याय हो रहा है। उन्होंने कहा कि बिना पुनर्वास के इस तरह की कार्रवाई अमानवीय है। मिश्रा ने अपनी ही पार्टी के महापौर पर निशाना साधते हुए कहा कि शहर में कांग्रेस का महापौर होने के बावजूद उनका मौके पर न पहुंचना दुर्भाग्यपूर्ण है और यह जनता के साथ विश्वासघात है। विधायक ने प्रदेश के उप मुख्यमंत्री पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि शहर को सुंदर बनाने के नाम पर गरीबों को हटाया जा रहा है, जबकि बड़े लोगों के हितों को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि जिनके खुद के जमीन के दस्तावेज संदिग्ध हैं, उन्हें गरीबों के कागजात जांचने का नैतिक अधिकार कैसे है।चुनाव में वोट, संकट में दूरी विधायक की नाराजगीअभय मिश्रा ने अपनी ही पार्टी के प्रति नाराजगी जताते हुए कहा कि चुनाव के समय गरीबों से वोट लिया जाता है, लेकिन जब उनके सामने संकट आता है तो जनप्रतिनिधि दूर हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि जनता भी जिम्मेदार है, जो बार-बार ऐसे नेताओं को चुनती है।यातायात सुधार के लिए जरूरी कार्रवाईएसडीएम अनुराग तिवारी ने बताया कि अमहिया मार्ग शहर का अत्यंत व्यस्त मार्ग है और यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए इसका चौड़ीकरण आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सड़क की मूल चौड़ाई 18 मीटर प्रस्तावित है, हालांकि वर्तमान में 12 से 15 मीटर तक चौड़ीकरण की योजना पर काम किया जा रहा है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिन लोगों के पास वैध पट्टे हैं, उनके मामलों में नियमानुसार समाधान किया जाएगा

## खबर संक्षेप

### परमाणु हथियारों की दादागिरी के खिलाफ विश्व जनमत की जीत हुईः अजय खरे

**राष्ट्र की अवधारणा धर्म के आधार पर तय नहीं की जा सकती**

रीवा । समता सम्पर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक लोकतंत्र सेनानी अजय खरे ने कहा कि अमेरिका और इजरायल के साम्राज्यवादी हमले के खिलाफ ईरान की जनता ने जिस तरह की एकजुटता दिखलाई वह ऐतिहासिक मिसाल है। श्री खरे ने इसे परमाणु हथियारों की दादागिरी के खिलाफ ईरान की जनता और विश्व जनमत की जीत बताया है। ईरान अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है लेकिन उसने देश के अंदर धर्म और संप्रदाय के आधार पर किसी भी नागरिक के साथ भेदभाव नहीं होने दिया। ईरान में लगभग 15 हज़ार यहूदी हैं। उनके पूजा स्थल सिनागॉग तकरीबन 100 हैं, जिनमें से 20 तो तेहरान में हैं। 40 दिन के युद्ध के दौरान किसी यहूदी को न गाली दी गई, न लिंचिंग हुई , न उनकी देशभक्ति को लेकर कोई सवाल खड़ा किया गया। ईसाई भी सवा लाख से ज्यादा हैं लेकिन उनके साथ भी कोई भेदभाव नहीं हुआ। ईरान ने देशभक्ति की परिभाषा को धर्म सम्प्रदाय से नहीं जोड़ा। मुस्लिम बहुसंख्यक देश होने के बावजूद ईरान ने देश के अंदर भाईचारे का संदेश दिया। इससे पूरी दुनिया में एक अच्छा संदेश गया और आज ईरान के साथ विश्व जनमत है। इस दौरान इस बात को मजबूती मिली कि राष्ट्र की अवधारणा धर्म संप्रदाय के आधार पर तय नहीं की जा सकती है।

### मुख्यमंत्री 18 अप्रैल को करेंगे समीक्षा

रीवा । मुख्यमंत्री वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से 18 अप्रैल को सुबह 11 बजे से जल गंगा और संकल्प से समाधान अभियान की प्रगति की समीक्षा करेंगे। बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को उपस्थिति के निर्देश दिए गए हैं।

### ई-विकास प्रणाली से खाद का विक्रय न करने पर दो विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित

रीवा । जिले में किसानों को खाद वितरण में पारदर्शिता और सुगमता सुनिश्चित करने के लिए ई-विकास प्रणाली लागू की गई है। एक अप्रैल से खाद का शत-प्रतिशत वितरण ई-विकास प्रणाली के माध्यम से अनिवार्य किया गया था, लेकिन इसके बावजूद दो खाद विक्रेताओं द्वारा बिना इस प्रणाली के खाद का विक्रय किया। इस लापरवाही पर कार्रवाई करते हुए उपसंचालक कृषि यूपी बागरी ने मेसर्स माधव ट्रेडिंग कंपनी चाकघाट और मेसर्स कुशवाहा खाद बीज भण्डार बैकुण्ठपुर के खुदरा खाद विक्रय लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिए हैं। आईएफएमएस पोर्टल से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर की गई इस कार्रवाई के तहत संबंधित विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों को सीज करने और उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के तहत आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश उर्वरक निरीक्षक को दिए गए हैं। निलंबन अवधि के दौरान इन प्रतिष्ठानों में खाद का किसी भी प्रकार का क्रय-विक्रय पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। कृषि विभाग ने सभी खाद विक्रेताओं को सख्त हिदायत दी है कि वे केवल ई-विकास प्रणाली के माध्यम से ही उर्वरक बेचना सुनिश्चित करें। साथ ही किसानों से भी यह अपील की गई है कि वे ई-विकास प्रणाली के जरिए टोकन बुक करके ही खाद खरीदें, ताकि उन्हें समय पर और पारदर्शी तरीके से उर्वरक उपलब्ध हो सके।

### देहदान पर 'गार्ड ऑफ ऑनर' के साथ दी गई अंतिम विदाई

कटनी। शिवनगर वार्ड नंबर 4 की निवासी कलाबाई कुशवाहा के परिजनों ने एक अनुकरणीय उदाहरण पेश किया है। 70 वर्षीया कलाबाई का गुरुवार सुबह वृद्धावस्था जनित बीमारियों के कारण निधन हो गया, जिसके बाद उनके परिवार ने उनके पार्थिव शरीर को मेडिकल कॉलेज जबलपुर को दान करने का निर्णय लिया। शोक की इस घड़ी में पति कोदूलाल कुशवाहा और परिजनों ने अपने आध्यात्मिक गुरु संत रामपाल की प्रेरणा से देहदान का संकल्प लिया। परिजनों का कहना है कि इस दान से चिकित्सा क्षेत्र के छात्रों को शोध में मदद मिलेगी, जो अंततः मानवता के ही काम आएगा। सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा ने बताया कि चिकित्सकीय प्रमाणीकरण और आवश्यक औपचारिकताओं के पूर्ण होने के बाद, प्रशासन द्वारा पार्थिव देह को सम्मानपूर्वक विदा किया गया।

## चेक बाउंस के 9 साल पुराने मामले में न्यायालय ने आरोपी को किया दोषमुक्त, 1.65 लाख रुपए के लेनदेन को लेकर हुआ था विवाद



रीवा। लंबे समय से विचाराधीन चेक बाउंस प्रकरण में न्यायिक दंडाधिकारी, रीवा की अदालत ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए आरोपी को दोषमुक्त घोषित कर दिया। लगभग 9 वर्ष पुराने मामले में न्यायालय ने स्पष्ट किया कि परिवादी अपने आरोपों को संदेह से परे प्रमाणित करने में असफल रहा, जिसके चलते आरोपी को बरी किया गया। प्रकरण क्रमांक SCNIA 207/2017 में तुलसी मोटर्स ढेकहा, रीवा के संचालक अजय बहादुर सिंह द्वारा न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया गया था। परिवाद में आरोप लगाया गया था कि आरोपी जितेंद्र वर्मा उर्फ जितेंद्र विश्वकर्मा ने उनकी एजेंसी से एक वाहन क्रय किया था। वाहन की कुल कीमत में से शेष 1 लाख 65 हजार रुपए के भुगतान के लिए आरोपी ने अपने बैंक खाते का एक चेक परिवादी को सौंपा था। परिवादी के अनुसार, जब उक्त चेक को बैंक में प्रस्तुत किया गया तो वह बाउंस हो गया। इसके बाद परिवादी की ओर से अधिवक्ता के माध्यम से आरोपी को विधिक नोटिस प्रेषित किया गया। आरोप था कि नोटिस की प्राप्ति के बावजूद आरोपी ने न तो राशि का भुगतान किया और न ही कोई संतोषजनक जवाब दिया, जिसके चलते न्यायालय में परिवाद दायर किया गया।मामले की सुनवाई के दौरान परिवादी पक्ष ने अपने साक्ष्यों के माध्यम से आरोपों का समर्थन किया। वहीं, बचाव पक्ष की ओर से भी सशक्त पैरवी करते हुए दस्तावेजी साक्ष्य एवं तर्क प्रस्तुत किए गए। दोनों पक्षों की दलीलों और प्रस्तुत अभिलेखों का सूक्ष्म परीक्षण करने के बाद न्यायालय इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि परिवादी द्वारा प्रस्तुत कहानी पूर्णतः विश्वसनीय नहीं है और आरोप संदेह से परे सिद्ध नहीं हो पाए हैं।न्यायालय ने आरोपी जितेंद्र वर्मा उर्फ जितेंद्र विश्वकर्मा, निवासी मैदानी थाना सिविल लाइन, जिला रीवा को दोषमुक्त घोषित कर दिया। इस प्रकरण में आरोपी की ओर से अधिवक्ता कुलदीप सिंह सोमवंशी ने प्रभावी पैरवी की, जिनके तर्कों को न्यायालय ने स्वीकार किया।

## संकल्प से समाधान अभियान शिविर में हितग्राहियों को किया गया लाभान्वित नगर निगम के टाउन हॉल में आयोजित किया गया जिला स्तरीय शिविर



रीवा । संकल्प से समाधान अभियान के तहत हितलाभ वितरण के लिए नगर निगम के टाउन हॉल जिला स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा ग्रामीण एवं नगरीय निकाय के हितग्राहियों की समस्याओं का मौके पर निराकरण करते हुए उन्हें शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। शिविर में जिले भर से बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता रही।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मनगवां विधायक नरेंद्र प्रजापति ने कहा कि संकल्प से समाधान अभियान का उद्देश्य शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है, जिससे पात्र हितग्राही को हितलाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उन्हें प्रभावी रूप से धरातल पर लागू कर प्रत्येक जरूरतमंद तक पहुंचाना है। ऐसे शिविरों के माध्यम से एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे हितलाभ वितरण के साथ लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान संभव हो सके। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस अभियान के माध्यम से गांव-गांव तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया गया है और प्रशासन स्वयं लोगों के द्वार तक पहुंचकर उनकी समस्याएं सुन रहा है। नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय ने कहा कि अंत्योदय की भावना के अनुरूप शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि इस अभियान का क्रियान्वयन जिले में चार चरणों में किया गया। अभियान के तहत शिविर 12 फरवरी से 31 मार्च तक आयोजित किए गए, जिनमें 20 विभागों की 106 सेवाएं शामिल की गईं। इन शिविरों के माध्यम से कुल 47,850 आवेदनों का निराकरण किया गया। शिविर के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना एवं अन्य पेंशन योजनाओं के अंतर्गत 26 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। साथ ही नगर निगम रीवा, जनपद पंचायत त्यौंथर एवं जनपद पंचायत गंगेव में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में नगर निगम उपायुक्त श्री प्रकाश द्विवेदी ने सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं बड़ी संख्या में पधारे हितग्राहियों का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने विशेष रूप से विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं मैदानी अमले के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया, जिन्होंने समन्वय के साथ कार्य करते हुए आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया। कार्यक्रम में एसडीएम अनुराग तिवारी, उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी, संयुक्त संचालक अनिल दुबे, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित रहे।

## सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में एक्स-रे फिल्म खत्म, मोबाइल पर दी जा रही रिपोर्ट, मरीज परेशान, स्वास्थ्य मंत्री के गृह जिले का हाल




रीवा। प्रदेश के डिप्टी सीएम एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल के गृह जिले रीवा में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की जमीनी हकीकत चिंताजनक नजर आ रही है। विंध्य अंचल के सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में इन दिनों एक्स-रे फिल्म पूरी तरह खत्म हो गई है, जिसके चलते मरीजों को फिल्म की जगह मोबाइल फोन में फोटो के रूप में रिपोर्ट दी जा रही है। यह स्थिति न केवल मरीजों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है, बल्कि प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य संबंधी दावों पर भी सवाल खड़े कर रही है। रीवा का सुपर स्पेशलिटी अस्पताल विंध्य क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं का प्रमुख केंद्र माना जाता है। यहां दूर-दराज से मरीज बेहतर इलाज की उम्मीद लेकर पहुंचते हैं, लेकिन मौजूदा हालात इसके उलट दिखाई दे रहे हैं। अस्पताल में एक्स-रे जैसी सामान्य जांच के लिए आवश्यक फिल्म तक उपलब्ध नहीं है। ऐसे में मरीजों को मजबूरी में वैकल्पिक व्यवस्था के तहत मोबाइल पर रिपोर्ट दी जा रही है, जो कई मामलों में असुविधाजनक साबित हो रही है।मोबाइल रिपोर्ट से मरीज और डॉक्टर दोनों परेशानअस्पताल प्रबंधन द्वारा अपनाई गई इस अस्थायी व्यवस्था ने नई समस्याएं खड़ी कर दी हैं। जिन मरीजों के पास स्मार्टफोन है, वे किसी तरह रिपोर्ट देख पा रहे हैं, लेकिन बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं जिनके पास स्मार्टफोन नहीं है या वे इसका उपयोग नहीं कर पाते। ऐसे मरीजों को रिपोर्ट समझने और डॉक्टर को दिखाने में दिक्कत हो रही है। वहीं डॉक्टरों का कहना है कि मोबाइल स्क्रीन पर एक्स-रे रिपोर्ट देखना तकनीकी रूप से पर्याप्त नहीं होता, जिससे सटीक उपचार में भी बाधा आ सकती है।सप्लायर ने रोकी सप्लाई, प्रबंधन पहले से था अवगतसूत्रों के अनुसार, एक्स-रे फिल्म सप्लाई करने वाले सप्लायर ने कीमत बढ़ने का हवाला देते हुए सप्लाई बंद कर दी है। बताया जा रहा है कि इस स्थिति की जानकारी अस्पताल प्रबंधन और जिम्मेदार अधिकारियों को पहले से थी, लेकिन इसके बावजूद समय रहते कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई।

## जेपी सेनानी कालिका सिंह तीन दिवसीय प्रवास के बाद बिहार लोटे लोकतंत्र सेनानी अजय खरे से की सम सामायिक विषयों और जय स्तंभ पर चर्चा



रीवा । सन 1974 के बिहार आंदोलन के नेता जेपी सेनानी कालिका सिंह कैमूर (बिहार) से 7 मार्च को उत्तर प्रदेश की सीमा से लगे मध्यप्रदेश के रीवा जिला के चाकघाट पहुंचे। इस दौरान समता सम्पर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक लोकतंत्र सेनानी अजय खरे, समाजसेवी श्रवण प्रसाद नामदेव एवं वरिष्ठ पत्रकार राम लखन गुप्त से उनकी ज्वलंत सामाजिक एवं राजनीतिक विषयों पर गहन चर्चा हुई। रात्रि विश्रान के बाद कालका सिंह अजय खरे एवं श्रवण प्रसाद नामदेव चाकघाट से जवा तहसील के पास स्थित बरौली पाण्डेन गांव पहुंचे जहां अस्वस्थ चल रहे समाजसेवी सुरेंद्रनाथ मांझी का हाल चाल लिया और रात्रि में रीवा आ गए। रीवा प्रवास के दौरान जेपी सेनानी कालिका सिंह से नारी चेतना मंच की नेत्री डॉ श्रद्धा सिंह, समाजसेवी शेषमणि शुक्ला, रमाशंकर शुक्ला, सुशील शर्मा (कोतमा) आदि ने भेंट की। रीवा भ्रमण के दौरान जेपी सेनानी कालिका सिंह लोकतंत्र सेनानी अजय खरे के साथ ऐतिहासिक जय स्तंभ गए जहां उसे बचाने के लिए किए गए संघर्ष की सराहना करते हुए जय स्तंभ के सौंदर्यीकरण पर जोर दिया। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार अशेष त्रिपाठी से भी रुबरु हुए।

## मनगवां थाने में फर्जी मामला दर्ज करने का आरोप, निलंबित टीआई के खिलाफ आईजी से शिकायत उच्च स्तरीय जांच की मांग



रीवा। जिले के मनगवां थाना क्षेत्र से जुड़ा एक गंभीर मामला सामने आया है, जिसने एक बार फिर पुलिस कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पहले से निलंबित चल रहे पूर्व थाना प्रभारी के खिलाफ अब फर्जी प्रकरण दर्ज करने का आरोप लगा है। मामले को लेकर शिकायतकर्ता ने पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) कार्यालय पहुंचकर लिखित शिकायत सौंपते हुए उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। जानकारी के अनुसार मनगवां निवासी लवकुश पाण्डेय ने आईजी कार्यालय में शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि डॉ. भीमराव अंबेडकर की खंडित मूर्ति से जुड़े प्रकरण में तत्कालीन थाना प्रभारी द्वारा तथ्यों को तोड़-मरोड़कर कार्रवाई की गई।शिकायतकर्ता का दावा है कि इस मामले में छह निर्दोष लोगों के खिलाफ फर्जी तरीके से मेमोरेंडम तैयार कर मामला दर्ज किया गया, जिससे उन्हें अनावश्यक रूप से कानूनी परेशानियों का सामना करना पड़ा।शिकायत में यह भी कहा गया है कि पूरे प्रकरण में निष्पक्षता का अभाव रहा और बिना ठोस साक्ष्यों के कार्रवाई की गई। इससे न केवल निर्दोष व्यक्तियों को प्रताड़ित होना पड़ा, बल्कि पुलिस विभाग की छवि भी धूमिल हुई है। गौरतलब है कि तत्कालीन थाना प्रभारी गजेन्द्र सिंह धाकड़ पहले ही विभागीय शिकायतों के चलते निलंबित किए जा चुके हैं। ऐसे में अब सामने आई नई शिकायतों ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। लगातार सामने आ रहे आरोपों से यह मामला और भी गंभीर होता जा रहा है।शिकायतकर्ता ने आईजी से मांग की है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच कराई जाए तथा यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए।

## किसानों की समस्या को लेकर कांग्रेस पार्टी का प्रदर्शन, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



मऊगंज। किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के आह्वान पर मऊगंज जिला अध्यक्ष एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा किसानों की समस्याओं को लेकर राज्यपाल के नाम से कलेक्टर को ज्ञापन दिया है जिसमें मांग की गई है कि बिजली के बढ़े दामों को कम किया जाए और बिल सुधार कर दिया जाए गौवंशों की सुरक्षा की जाए गेहूं खरीदी में वारदाने की कमी को पूरा किया जाए बे मौसम ओलावृष्टि से हुए नुकसान का मुआवजा दिलाया जाए वादे के हिसाब से समर्थन मूल्य लागू किया जाए गेहूं बिक्री होने पर कर्ज की किस्त ली जाए इन्ही मांगों को लेकर प्रदर्शन के साथ बड़ी संख्या में किसान कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन दिया इस अवसर पर किसान कांग्रेस जिला मऊगंज अध्यक्ष उमाकांत पटेल जिला अध्यक्ष हरी लाल कोल ब्लॉक अध्यक्ष मृत्युंजय चतुर्वेदी अरुणा तिवारी अन्नू खान मधुकर पांडे शेख मुख्तार सिद्दीकी विपिन शुक्ला राजा द्विवेदी विद्याचरण दुबे बारिश खान उपस्थित रहे।

## खेत में आग लगने से कई किसानों की फसल जलकर खाक



मऊगंज। जिले के जनपद पंचायत नईगढी के अंतर्गत सिगटी कला गांव में आगजनी की बड़ी घटना सामने आई है। इस घटनाक्रम में किसान देवी चरण शुक्ल, राहुल शुक्ला, शुभम शुक्ला और बब्बू शुक्ला के खेतों में लगी आग से लगभग 4 से 5 एकड़ मे गेहूं की फसल जलकर पूरी तरह खाक हो गई।बताया जा रहा है कि आग अचानक फैली और देखते ही देखते फसल को अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक भारी नुकसान हो चुका था।फायर ब्रिगेड में भी जानकारी दी गई परंतु फायर ब्रिगेड नही पहुंचा। जानकारी के अनुसार,आग लगने का कारण खेत के पास लगे ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट के कारण माना जा रहा है, जिससे निकली चिंगारी ने फसल में आग पकड़ ली।इस घटना से प्रभावित किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन और बिजली विभाग से मांग की है कि घटना की निष्पक्ष जांच कराई जाए।सभी पीड़ित किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए।



## अल्ट्राटेक बेला सीमेंट जेपी रीवा के कारखाने निकाले गए मजदूरों का धरना जारी

रीवा। अल्ट्राटेक बेला सीमेंट जेपी पुरम रीवा के कारखाने में विगत 2 मार्च 2026 से कारखाना प्रबंधक व ठेकेदार के द्वारा बिना कारण, बिना नोटिस के काम से निकले गये श्रमिकों को वापस काम पर लेने की मांग को लेकर कंपनी गेट के सामने निरंतर आज 39 में दिन धरने में बैठे हैं धरने के समर्थन में दिनांक10 अप्रैल 2026 को 12:00 बजे से क्रमिक अनशन प्रारंभ हो गया ,आज दूसरे दिन संतोष पाल, रतिराम पटेल को यूनियन के इकाई अध्यक्ष कामरेड सुशील सिंह ने तिलक लगाकर 24 घंटे के लिए क्रमिक अनशन में बैठाया गया । मौके पर इकाई अध्यक्ष सुशील सिंह, उपाध्यक्ष सूर्यभान साहू, नरेंद्र मिश्रा पूरन तिवारी, मुनीम शर्मा, रतिराम पटेल शीतल पटेल राजेश साहू परदेसी चौधरी सैकड़ो श्रमिक उपस्थित थे।